समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026


# EPFO ने किया बड़ा ऐलान : अब 5 लाख रुपये तक मिलेगा PF एडवांस, जानिए आवेदन की प्रक्रिया।


Publisher Published on 24 Jun 2025





## EPFO ने ऑटो सेटलमेटं लिमिट को 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया है, जिससे आपातकालीन स्थिति मे फंड निकालना अब और आसान हो गया है।

**PF खाताधारकों को राहत, अब 5 लाख तक मिलेगा एडवांस**

**EPFO: कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO)** ने **PF एडवांस क्लेम लिमिट** को बढ़ाते हुए बड़ा कदम उठाया है। अब खाताधारक **5 लाख रुपये तक का एडवांस ऑटो सेटलमेटं** के तहत पा सकेंगे, जिससे **क्लेम प्रोसेस** और भी तेज़ और आसान हो जाएगा।

इससे पहले यह लिमिट **1 लाख रुपये** थी। नई लिमिट की जानकारी **केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया** ने **24 जून 2025** को दी।

**कोरोना काल मे शुरू हुई थी यह सुविधा**

**COVID-19** महामारी के समय **EPFO** ने तत्काल **आर्थिक सहायता के** लिए **ऑटो क्लेम सेटलमेटं सिस्टम** शुरू किया था। यह खासकर उन लोगों के लिए उपयोगी था जिन्हें किसी मेडिकल या इमरजेंसी खर्च के लिए तुरंत पैसे चाहिए होते थे।

अब जब इसे 5 गुना तक बढ़ा दिया गया है, तो यह कदम लाखों कर्मचारियों को सीधी राहत देगा।

**सोशल मीडिया पर मिला जबरदस्त रिस्पॉन्स**

घोषणा के बाद **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (पूर्व ट्विटर)** पर लोगों ने **EPFO** के इस फैसले की तारीफ की। कई यूजर्स ने इसे "**रियल टाइम हेल्प**" और "**सरकार की संवेदनशीलता का प्रतीक**" बताया।

**नए मेबंर जोड़ने मे मंहाराष्ट्र सबसे आगे**

१. **अप्रैल 2025 मे 19.14 लाख नए सदस्य EPFO से जुड़े, जो मार्च 2025 के मुकाबले 31.31% अधिक है।**

२. **अप्रैल 2024 की तुलना मे यंह आंकड़ा 1.17% अधिक है।**

३. **इनमे संबसे ज़्यादा भागीदारी 18-25 वर्ष के युवाओं की रही — लगभग 57.67%।**

४. **महाराष्ट्र ने सबसे अधिक नए PF सदस्य जोड़े।**

इसके अलावा, **15.77 लाख लोग फिर से EPFO** में शामिल हुए, जो पहले बाहर हो चुके थे — यह बताता है कि **रोजगार** और **PF** के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है।

आवेदन की प्रक्रिया

**EPFO से एडवांस लेने के लिए :**

१. **EPFO की वेबसाइट** https://www.epfindia.gov.in पर जाएं

२. **Member e-Sewa पोर्टल लॉगिन करे**

३. "**Claim**" **विकल्प चुने**

४. **फॉर्म-31 भरे (PF Advance के लिए)**

५. **आधार लिंक और बैकं वेरिफिकेशन पूरा करे**

६. **अब ऑटो सेटलमेटं के तहत 5 लाख तक की राशि सीधे बैकं खाते मे आ जाएगी**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.